14.07.2022
PATRIKA
BHOPAL

पत्रिका

Image View Text View

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के नए एमडी ने किया पदभार ग्रहण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के नए एमडी निकुंज श्रीवास्तव ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। श्रीवास्तव को कॉरपोरेशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। एमडी छवि भारद्वाज के मसूरी प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण होने के बाद यह नया प्रभार देने शासन ने आदेश जारी किया था। श्रीवास्तव फिलहाल आयुक्त शहरी आवास एवं विकास के पद पर पदस्थ हैं। वे मप्र कैडर के 1998 बैच के आइएएस अधिकारी हैं।

MPPHSCL मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्
लिमिटेड

https://epaper.patrika.com/Home/ArticleView?eid=64&edate=14/07/2022&pgid=356869

14.07.2022
DAINIK JAGRAN
BHOPAL

छवि और नंदकुमारम डेपुटेशन पर गए मसूरी, निकुंज को मेट्रो एमडी का जिम्मा

जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की एमडी और मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर सचिव छवि भारद्वाज की सेवाएं डेपुटेशन पर केंद्र सरकार को सौंप दी गई हैं। साथ में उनके पति व मप्र स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के एमडी नंदकुमारम भी प्रतिनियुक्ति पर गए हैं। खास बात यह है कि दोनों की ही पोस्टिंग मसूरी स्थित लाल

बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में हुई है। छवि उत्तराखंड की रहने वाली हैं। उनकी जगह मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी का जिम्मा नगरीय प्रशासन कमिश्नर निकुंज कुमार श्रीवास्तव को सौंपा गया है। उन्होंने बुधवार शाम कार्यभार भी संभाल लिया। छवि भारद्वाज 2008 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें सितंबर 2021 में मेट्रो का एमडी बनाया गया था। वहीं झारखंड के रहने वाले नंदकुमारम भी 2008 बैच के ही आईएएस अफसर हैं। वो जून, 2019 से इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, राज्य लोक सेवा अभिकरण और समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन का जिम्मा संभाल रहे थे।

https://djmp.in/epaper/bhopal/2022-07-14/2

15.07.2022
HINDUSTAN TIMES
DELHI/BHOPAL

IAS Nikunj Srivastava becomes MD in MPMRCL

Nikunj Srivastava took over the charge of Managing Director in Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Ltd in addition to his existing post as the Commissioner and Secretary Urban Development & Housing, Government of Madhya Pradesh.

Srivastava is an IAS officer of MP Cadre batch 1998 with a vast experience of more than 24 years in various capacities.